केंद्रीय शिक्षा सचिव ने की स्कूली शिक्षा विभाग की समीक्षा, दिए निर्देश

आईआईएम में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे सभी स्कूलों के हेडमास्टर

निर्देश : बच्चों के ड्रॉप आउट की स्थिति सुधारें

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

राज्य के सभी हेडमास्टरों को आईआईएम में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। जिस प्रकार उत्कृष्ट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को ट्रेनिंग मिली है, उसी तर्ज पर यह प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। सोमवार को केंद्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही। हाईस्कूलों में बढ़े ड्रॉपआउट पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दिशा में त्वरित सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने-अपने स्कूलों के लीडर बनें। इससे उनमें लीडरशिप क्वालिटी आएगी, तो वे अपने स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे। स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता, छात्रों को मिल रही क्वालिटी एजुकेशन, बच्चों के ड्रॉपआउट की स्थिति, शिक्षकों की नियुक्ति तथा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की केंद्रीय शिक्षा सचिव ने समीक्षा की। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के. रवि कुमार समेत विभिन्न शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

स्कूलों में शिक्षकों के नाम के साथ तस्वीर लगाएं

संजय कुमार ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी स्कूलों में वहां कार्यरत शिक्षकों के नाम के साथ उनकी तस्वीर स्कूलों में लगाएं। अगले वर्ष से लागू हो रही नई शिक्षा नीति के लिए इस साल ही पाठ्यपुस्तकें तैयार करने पर चर्चा हुई। आरटीआई का पालन नहीं करनेवाले निजी स्कूलों को उन्होंने बंद करने का निर्देश दिया।

Dainik Bhaskar_18.07.2023_Pg. 02